दिनांकः 24.04.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि अदालत किसी महिला को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 'राज्यवार रोडमैप' तैयार किया जा रहा है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवाओं से स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिये एकजुट होने का आह्वान किया।
- न्याय सेतु सम्मेलन कल से जयपुर में–प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत शिरकत करेगें।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई भी अदालत किसी महिला विशेष रूप से नाबालिग को उसकी इच्छा के विरूद्ध गर्भ जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुईंया की पीठ ने आज 15 वर्ष की लड़की को सात महीने से अधिक के गर्भ को चिकित्सीय रूप से हटाने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि महिला की प्रजनन संबंधी स्वायत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि विशेषकर प्रजनन के मामले में अपने शरीर से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद–21 के तहत व्यक्तिगत सुरक्षा और निजता का अभिन्न हिस्सा है। न्यायालय ने कहा कि किसी नाबालिग को अनचाहे गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर करना उसके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन होगा और इससे गंभीर मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक आघात हो सकता है।

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फार्मर आईडी के माध्यम से किसान अब 17 तरह की सरकारी सुविधाओं का लाभ सीधे ले सकेंगे। श्री चौहान आज लखनऊ में उत्तरी क्षेत्र कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय अब राज्यों के साथ मिलकर खेती का 'राज्यवार रोडमैप' तैयार कर रहा है, ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान हो सके। श्री चौहान ने कहा कि 'विकसित भारत कृषि अभियान' के जरिए नई तकनीक और प्रयोगशालाओं के अनुसंधान को सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा रहा है।
उन्होंने किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता और इसके जरिए मिलने वाली ऋण सुविधाओं पर विशेष जोर दिया।

---------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और कार्यक्रमों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। श्री शर्मा आज जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की चौथी बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने चयनित परियोजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ढिलाई बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि पुलिस की असली पहचान उसके अनुशासन, बेहतरीन टर्नआउट और चुस्ती–फुर्ती से होती है। श्री शर्मा आज जयपुर में पुलिस अलंकरण

समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर पुलिसकर्मी को अपनी दक्षता और तैयारी का परिचय देना चाहिए।

--------------------

इस अवसर पर डीजीपी ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों और जवानों को डीजीपी डिस्क और सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि शिक्षा और उपाधियों की सार्थकता तभी है, जब राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि रखकर कार्य किया जाए। श्री बागडे आज जयपुर में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति–2020 को गौरवशाली भारतीय इतिहास से जोड़ने वाली कड़ी बताया और युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की नसीहत दी। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने के लिए एक नए पोर्टल का भी शुभारंभ किया। समारोह में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार इस विश्वविद्यालय को एम्स की तर्ज पर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म का केंद्र बनाने के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को पदक और उपाधियां प्रदान कीं।

000

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन का कल जयपुर आने का कार्यक्रम है। वे राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि समारोह में वर्ष 2024–25 के 2 लाख 71 हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेगी।

000

जयपुर में कल से न्याय सेतु सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित सम्मेलन में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत शिरकत करेंगे। इसमें उच्चतम न्यायालय के जज, राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर और जयपुर बैंच के न्यायाधीश तथा कई वरिष्ठ विधिक अधिकारी और पूर्व न्यायाधीश हिस्सा लेगें। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीशों की समाज में कानूनी समझ को मजबूत करने की भूमिका पर विशेष जोर दिया जायेगा। इस कॉफ्रेंस का उद्देश्य आम जनता में कानूनी जागरूकता बढाना और न्याय तक आसान पंहुच सुनिश्चित करना है।

0000

प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिये आज से विशेष कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी के तहत हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीतिका पारीक ने विशेष सत्र की शुरुआत की। सवाईमाधोपुर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग से सत्र आयोजित कर बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। उधर, झुंझुनूं जिले के खेतड़ी स्थित गोठड़ा सरकारी अस्पताल में उपखंड अधिकारी सुनील चौहान ने अभियान का आगाज़ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बच्चियों को टीका जरूर लगवाये।

------------------

000

प्रदेश में आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और कड़े होने के आसार हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, आगामी दिनों में दिन के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य के उत्तर–पश्चिमी भागों में पारा चवालीस से पैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। विभाग ने अगले दो से तीन दिन पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं उष्ण लहर यानी लू चलने की चेतावनी जारी की है। हालांकि, महीने के अंत में प्रदेशवासियों को गर्मी से आंशिक राहत मिल सकती है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से छब्बीस अप्रैल को सीमावर्ती क्षेत्रों में और सत्ताइस से अट्ठाइस अप्रैल को पश्चिमी और

उत्तरी भागों में मौसम का मिजाज बदलेगा। इस दौरान दोपहर के बाद कहीं–कहीं मेघगर्जन और धूलभरी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी या बारिश होने की संभावना है।

000

भरतपुर के विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। हाल ही में हुई पक्षी गणना में संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कई दुर्लभ प्रजातियां नजर आई हैं, जिन्हें उद्यान के पर्यावरण के लिए बेहद शुभ संकेत माना जा रहा है। गणना के दौरान उद्यान के दलदली और पानी  के किनारे बड़ी संख्या में प्रवासी और स्थानीय पक्षी देखे गए। इनमें वुड सैंडपाइपर, ग्रीन सैंडपाइपर जैसी प्रजातियां प्रमुखता से पाई गई हैं। साथ ही यहां छह सारस, दुर्लभ काले सारस और काली गर्दन वाले सारस भी दिखाई दिए हैं।

------------------

000

हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर आज रात 8 बजे से सवा 8 बजे तक पूरी तरह ब्लैकआउट' रहेगा। आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए यह मॉक ड्रिल राज्य सरकार के निर्देश पर की जा रही है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में प्रशासनिक विभागों की तैयारी और कार्यक्षमता की जांच करना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यह पूरी तरह से पूर्व–नियोजित अभ्यास है, इसलिए किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस दौरान अपनी लाइटें बंद रखकर सुरक्षा अभ्यास में सहयोग करें।

000